

# गांधी जयंती पर 'स्पर्श' कुष्ठ जागरूकता अभियान का भव्य शुभारंभ

▸ हम सबने यह ठाना है, कुष्ठ रोग मिटाना है

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान द्वारा बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के पावन अवसर पर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का विधिवत आगाज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरू॥ह्र) डॉ. जी.एस. चौहान ने इस अवसर पर उपस्थित जनमानस को कुष्ठ रोग के उन्मूलन और रोगियों के प्रति भेदभाव मिटाने की सामूहिक शपथ दिलाई। अभियान की मुख्य अवधि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक।

**कुष्ठ मुक्त समाज के लिए संकल्प**-संबोधन के दौरान डॉ. जी.एस. चौहान ने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग कोई दैवीय प्रकोप या छुआछूत की बीमारी नहीं है। उन्होंने कहा कि 'हमारा लक्ष्य अपने गांव, पंचायत और पूरे जिले को कुष्ठ मुक्त बनाना है। कुष्ठ रोग एक सामान्य बीमारी है जिसका पूर्ण उपचार संभव है। किसी भी रोगी के साथ भेदभाव न करें और न ही होने दें। यदि शरीर पर किसी भी प्रकार का सुन्न दाग या धब्बा दिखाई दे, तो तुरंत जांच करवाएं।'

### नि :शुल्क इलाज और जांच सुविधा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूचित किया गया कि : कुष्ठ रोग का उपचार सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर पूर्णत: निशुल्क उपलब्ध है। 13 फरवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत गांव-गांव जाकर शंकास्पद रोगियों की पहचान की जाएगी। समय पर पहचान और *MDT (Multi-Drug Therapy)* के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। उत्साह और जन-भागीदारी का आह्वान कार्यक्रम में श्री जगदीश खींची एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से नारे लगाए गए– 'हम सबने यह ठाना है, कुष्ठ रोग मिटाना है'। श्री खींची ने मीडिया और समाज के प्रबुद्ध वर्ग से अपील करते हुए कहा कि इस 'कुष्ठ स्पर्श अभियान' में आम जनता, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि और पत्रकार बंधु अपनी अहम भूमिका निभाएं। डॉ. चौहान ने भी दोहराया कि सबकी सक्रिय भागीदारी से ही कोई भी रोगी उपचार से वंचित नहीं रहेगा। डॉ. सिद्धार्थ पाटीदार (जिला कुष्ठ अधिकारी), डॉ. ए.के. नकुम (पूर्व जिला कुष्ठ अधिकारी), डॉ. एम.एल. कश्यप (जिला मीडिया अधिकारी), राकेश शर्मा, मनीष शर्मा, पवन दलोर, मनोज पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी बैंक मंदसौर को वैधानिक अंकेक्षण में शीर्ष प्रदर्शन हेतु पुरूस्कृत किया

▸ कलेक्टर एंव बैंक प्रशासक अदिति गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में जिला सहकारी बैंक को प्रदेश स्तर पर मिली उपलब्धि



**मंदसौर। सीईओ जिला सहकारी बैंक द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एंव बैंक प्रशासक अदिति गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मंदसौर उत्तरोत्तर प्रगति के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैं। इसी श्रृंखला में सांविधिक अंकेक्षण वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) द्वारा जिला सहकारी बैंक मर्यादित, मंदसौर को भोपाल में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।**

यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग एंव किसान कल्याण एंव कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना द्वारा गरिमामय समारोह में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कच्छारा एंव सांख्यिकी अधिकारी मुकेश पालीवाल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल की क्षेत्रिय निदेशक सुश्री. रेखा चन्दनवेली, नाबार्ड क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी सरस्वती, अपैक्स बैंक भोपाल के प्रबंध संचालक श्री मनोज गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहें।

नाबार्ड द्वारा आयोजित उक्त राज्य ऋण संगोष्ठी कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र में बैंक की सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, पारदर्शिता, नियामकीय अनुपालन तथा किसानों और ग्रामीण क्षेत्र को प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाओं की सराहना की गई। नाबार्ड द्वारा किया गया यह सम्मान बैंक के सतत सुधार, अनुशासित कार्यप्रणाली एवं उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता का प्रमाण है।

जिला सहकारी बैंक मंदसौर ने सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह उपलब्धि बैंक के प्रशासक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

इस सम्मान से जिले के सहकारिता क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है तथा भविष्य में और बेहतर सेवाएं प्रदान करने की प्रेरणा मिली है। योगेन्द्र सिंह जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मंदसौर एंव पी.एन. गोडरिया उप आयुक्त सहकारिता जिला मंदसौर द्वारा इस एतिहासिक उपलब्धि पर बैंक प्रबंधन एंव अधिकारियों एंव कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामना व्यक्त की गई।

# विधार्थी के लिए केरियर जागरूकता मेले का आयोजन




**नाहरगढ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन मिले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में औद्योगिक विभाग के प्रबंधक दिनेश चंद्र चंपेवर को आमंत्रित किया गया।**

प्रबंधक महोदय ने जीवन कौशल ,करियर योजना एवं भविष्य की तैयारी के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही संकाय आधारित परीक्षा की जानकारी भी प्रदान की। इसके साथ-साथ 30 जनवरी को यूनिसेफ के पदाधिकारी द्वारा यूट्यूब लाइव लिंक के माध्यम से भी चर्चा की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

**एक नजर** ▸ मनरेगा बचाओ अभियान व किसान-ग्रामीण मुद्दों पर 2 घंटे का हुआ प्रभावी प्रदर्शन

# शहीद दिवस पर मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस का जोरदार धरना प्रदर्शन

**मंदसौर। पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान एवं ग्रामीण क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गांव दौलतपुरा चौराहा पर दो घंटे तक प्रभावी धरना प्रदर्शन किया गया। धरने में किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।**

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त धरना प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका परिषद मंदसौर अध्यक्ष मो. हनीफ शेख ने कहा कि आज किसान सबसे ज्यादा दुखी है। उसे अपनी फसलों के वाजिब दाम नहीं मिल रहे हैं और मंडियों में खुलेआम शोषण हो रहा है। भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं पर आंख मूंदे बैठी है। कांग्रेस पार्टी किसानों व आमआदमी के साथ हमेशा खड़ी हे।

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य विकास दशोरा ने कहा कि किसानों को न तो फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है और न ही पुराने मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की यूपीए सरकार के समय मनरेगा योजना कहीं अधिक प्रभावशाली थी, जिससे ग्रामीणों को रोजगार और सम्मान मिला। वर्तमान में मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है तथा एसआईआर सहित कई योजनाओं में भारी गड़बड़ियां की जा रही हैं। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जन,पदाधिकारीगण एवं कांग्रेस जन उपस्थित रहे जिनमें सर्वश्री शंभूलाल चौहान सिंदपन, नीलम वीरवाल मंडलम अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रईस पटवारी, बाबूलाल जाट गुजरदा, शाहिद भाई बुलगढी, गफूर भाई, मुख्तियार भाई दावतखेड़ी, हसन भाई बुलगढ़ी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद बिलालअजमेरी, श्यामलाल साल्वी रिछा बच्चा, सिद्दीक मेव अचेरी, अर्जुन अहिरवार पित्याखेड़ी खेड़ी, विनोद नौगांव, पप्पूलाल धनगर गुजरदा गगन माली मैनपुरिया, शैलेश माली मैनपुरिया, बाबू सूर्यवंशी धारियाखेड़ी, अशोक सूर्यवंशी धारियाखेड़ी, डॉ ईश्वर पाटीदार साबाखेड़ा, डॉ चंद्रशेखर अहिरवार अलावदाखेड़ी, भेरूलाल मीणा गुजरदा, बंशीलाल रलायत सहित कार्यकर्त्ता गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन एनएसयूआई छात्र संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष कमल कुमावत ने किया वहीं कार्यक्रम का आभार ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ बाबूलाल जाट ने माना।

## नीमच

### एक नजर में

## बावल दरवाजा हनुमान मंदिर दानपेटी के फिर टूटे ताले, नकदी ले उड़े चोर, कुछ दिन पूर्व भी हुई थी चोरी

**नीमच।** जिले के जावद नगर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। बीती रात बावल दरवाजा स्थित प्रसिद्ध हनुमानजी मंदिर की दानपेटी को अज्ञात चोरों ने एक बार फिर निशाना बनाया। चोर दानपेटी को तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर मौके से फरार हो गए। सुबह मंदिर खुलने पर जब पुजारी एवं श्रद्धालु पहुंचे, तब घटना का खुलासा हुआ ।उल्लेखनीय है कि इसी हनुमान मंदिर की दानपेटी कुछ दिन पूर्व भी तोड़ी गई थी और उस समय भी चोर नकदी चुरा ले गए थे। लगातार दूसरी बार हुई इस चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि बार-बार हो रही चोरी से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं ।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने जावद पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मंदिर परिसर का निरीक्षण किया तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है ।स्थानीय नागरिकों एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने मांग की है कि मंदिर परिसर एरिया में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए तथा दानपेटी की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना व्याप्त है

## केन्द्रीय बजट 01 फरवरी को प्रस्तुत होगा भाजपा मंडल स्तर पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करेगी




**नीमच।** स्वतंत्र भारत का 80 वां केंद्रीय बजट केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती नर्मला सीतारमण जी द्वारा 01 फरवरी 2026 को संसद में प्रस्तुत किया जायेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बजट प्रस्तुति की परंपरा में व्यापक परिवर्तन आया है। बजट को केवल आय-व्यय का विवरण न रखते हुए इसे विकसीत भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम बनाया गया है। केंद्रीय बजट प्रचार प्रसार अभियान के जिला संयोजक श्री नीलेश पाटीदार (कर सलाहकार) ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल के निर्देशानुसार 01 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जिले भर के सभी मंडल स्तर पर बजट प्रस्तुति को सामुहिक रूप से देखने की व्यवस्था करेगी। केन्द्रीय बजट प्रचार अभियान 01 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक संपुर्ण प्रदेश व जिले भर में चलाया जायेगा। जिसके तहत संगठन द्वारा निर्धारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। श्री पाटीदार ने बताया कि इस अभियान के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर एक टीम का भी गठन किया गया है जिसमें जिले के सह संयोजक श्री श्याम काबरा, आशीष सारडा, सत्यनारायण गोयल, दीपक असनानी, मीडिया प्रभारी श्री विकास नामदेव, सोशल मीडिया प्रभारी श्री मनोज माहेश्वरी को नियुक्त किया गया।

# यूजीसी के 'काले कानून' के विरोध में सामान्य वर्ग समाजजन का जोरदार प्रदर्शन

▸ प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**नीमच।** भारत सरकार के राजपत्र में 13 जनवरी 2026 को प्रकाशित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए रेगुलेशन के विरोध में नीमच जिले के समस्त सामान्य वर्ग समाजजन एकजुट नजर आए। समाजजनों ने उक्त रेगुलेशन को असंवैधानिक,अस्पष्ट और सामाजिक सौहार्द को तोड़ने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी द्वारा धर्म,नस्ल,जाति, लिंग,जन्म स्थान अथवा दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव के उन्मूलन के नाम पर लाया गया यह रेगुलेशन व्यवहार में समाज को बांटने वाला और जातिवाद को बढ़ावा देने वाला है।

समाजजनों का आरोप है कि यह नियम सामान्य वर्ग को अप्रत्यक्ष रूप से अपराधी के रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के मानसिक व शारीरिक शोषण की आशंका बढ़ गई है ।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त रेगुलेशन में झूठी या असत्य शिकायत साबित होने की स्थिति में शिकायतकर्ता के विरुद्ध किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जिससे इसके दुरुपयोग की पूरी संभावना बनी रहती है। समाजजनों ने इसे सामान्य वर्ग को टारगेट करने वाला नियम बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया ।प्रतिनिधियों ने बताया कि इस रेगुलेशन के खिलाफ देशभर में सामान्य वर्ग द्वारा व्यापक विरोध किया जा रहा है और इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में याचिका भी प्रस्तुत की गई है, जिस पर सुनवाई के उपरांत न्यायालय द्वारा इस रेगुलेशन पर तत्काल रोक लगाई गई है।

इसके बावजूद समाजजन चाहते हैं कि केंद्र सरकार इसे पूर्ण रूप से वापस ले ।ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी की ड्राफ्ट कमेटी द्वारा जानबूझकर और सआशय बनाए गए इस रेगुलेशन को तत्काल निरस्त किया जाए तथा ड्राफ्ट कमेटी के सदस्यों के विरुद्ध वैधानिक जांच कर सख्त कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। समाजजनों का कहना है कि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद इस प्रकार के नियम बनाना राजनीति का घिनौना स्तर दर्शाता है और यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो देश में सामाजिक तनाव बढ़ सकता है ।अंत में सामान्य वर्ग समाजजन जिला नीमच ने स्पष्ट किया कि जब तक यह रेगुलेशन पूरी तरह वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका क्रमबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।




# कृषि वर्ष 2026 के तहत नीमच में जागरूकता रैली का आयोजन

▸ प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने का दिया संदेश

**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 'कृषि में समृद्ध मध्य प्रदेश और समृद्ध किसान' थीम को लेकर शुक्रवार को नीमच जिले में कृषि विभाग के तत्वावधान में एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कृषि विभाग के अधिकारियों,वैज्ञानिकों और बड़ी संख्या में जिले के किसानों ने सहभागिता की ।जागरूकता रैली का शुभारंभ नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार द्वारा कृषि अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, अंबेडकर मार्ग से हरी झंडी दिखाकर किया गया। दोपहिया वाहनों के माध्यम से निकली यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कृषि कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली गायत्री मंदिर, कमल चौक, फव्वारा चौक, टैगोर मार्ग, विजय टॉकीज चौराहा, नगर पालिका कार्यालय एवं एलआईसी चौराहा जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी, जहां आमजन और किसानों में कृषि वर्ष को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया ।इस अवसर पर डॉ. सी.पी. पचोरी, प्रधान वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को आत्मनिर्भर बनाना, नई तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करना तथा अपने कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करना है।

**एक नजर** ▸ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# जावरा नयागांव फोरलेन के शोल्डर पर से अवैध दुकानों को हटाएं : कलेक्टर



**नीमच।** जावरा, नयागांव फोरलेन के सोल्डर पर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों, गुमटियों की प्रभावी कार्यवाही कर हटवाए। सभी शासकीय सेवक कर्तव्य स्थल पर व अन्य स्थानों पर हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। सीट बेल्ट लगाए, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग ना करें। इसके लिए पुलिस नाके लगाकर प्रतिदिन चेकिंग करें और आवश्यकतानुसार चालानी कार्रवाई करें। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, एडीएम बी.एस.कलेश, यातायात थाना प्रभारी सुश्री सोनी बडगुर्जर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अमित नार्गेश, एम.पी.आर.डी.सी.के सहायक प्रबंधक श्री राहुल बरडे, म.प्र.ग्रामीण सड़क के प्रबंधक श्री गजेन्द्र लारिया एवं समिति के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री अमित नार्गेश ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पीयूसी मशीन चेक करने एवं सही तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा, कि यातायात पुलिस एवं आरटीओ संयुक्त रूप से ओवरलोडिंग एवं पीयूसी जांच कर चालानी कार्रवाई करें। सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी कर्तव्य स्थल एवं अन्य स्थानों पर हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। यातायात पुलिस को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं ड्राइव करते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर पाबंदी हेतु पुलिस नाके लगाने एवं प्रतिदिन चेकिंग कर चालानी कार्यवाही करने तथा सभी निर्माण एजेंसियों को मुख्य मार्गो पर इंटरसेक्शन पर रम्बल स्ट्रिप लगाने, स्पीड ब्रेकर्स पर बोर्ड एवं मार्किंग करवाने, मार्गो पर झाड़ी की सफाई करवाने के निर्देश दिए गये।

बैठक में एम.पी.आर.डी.सी.को निर्देश दिए गए, कि सगराना घाटी एवं नयागांव के बीच मीडियन प्लांटेशन करें। पेट्रोलिंग वाहन जावरा नयागांव फोरलेन मार्ग पर शोल्डर पर अवैध दुकानों को हटाये एवं खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई करें। यातायात पुलिस को नाबालिग वाहन चालकों एवं मॉडिफाइड साइलेंसर के उपयोग पर सघन जांच कर, चालानी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। नगरपालिका को नगर के मुख्य मार्गो पर स्पीड ब्रेकर पर मार्किंग, अवैध गुमटियों पर चालानी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। तीनों एसडीएम एवं मंडी सचिव को ट्रैक्टरों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लाइट लगाने के निर्देश भी दिए गये।